卐 श्री सद्गुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 252 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦19 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बस पलटने से 25 तीर्थयात्री घायल

चंपावत(उद संवाददाता)। चंपावत-टनकपुर हाईवे पर रविवार की रात श्रद्धालुओं से भरी बस सड़क में पलट गई। हादसे में 25 तीर्थ यात्री घायल हो गए। गंभीर घायल सात तीर्थ यात्रियों को एसटीएच हल्द्वानी रेफर किया गया है। बस में 61 तीर्थयात्री सवार थे। गनीमत रही कि बस खाई में नहीं गिरी अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार रीठा साहिब से पंजाब जा रही सिख तीर्थ यात्रियों की बस संख्या-पीबी 03बीएल 6231 रात दस बजे के करीब धौन से एक किमी आगे चंपावत की ओर रोड में पलट गई। बस में 61 तीर्थयात्री सवार थे। दुर्घटना में 25 यात्री घायल हो गए। जिनमें सात को गंभीर चोटें आई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सुशीला तिवारी हल्द्वानी (शेष पृष्ठ सात पर)





## मां की गोद से मासूम बच्चे को किया अगवा

### तलाश में दिल्ली और उत्तर प्रदेश भेजी चार टीमें

हरिद्वार(उद संवाददाता)। मां की गोद से मासूम का अपहरण हो गया। अपहृत हुए मासूम की तलाश में पुलिस की चार अलग-अलग टीमें दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश भेजी गई हैं। एक संदिग्ध महिला का हुलिया जुटाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जानकारी के मुताबिक विजयनगर गाजियाबाद से एक परिवार पांच दिन पहले हरिद्वार घूमने आया था। शनिवार रात पूरा परिवार सिटी कंट्रोल रूम के बगल स्थित ऊर्जा निगम कार्यालय परिसर में सो गया। उसी दौरान रेखा की गोद में सो रहे सात महीने के बेटे अभिजीत का किसी ने अपहरण कर लिया। तड़के चार बजे आंख खुलने पर बेटा गायब मिला तो परिवार ने उसकी तलाश की। इस मामले में पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पहले हरिद्वार रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डा समेत अन्य जगहों पर तलाश किया। सोमवार सुबह चार अलग-अलग टीमों को दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश रवाना किया गया है।


## कहां गया केदारनाथ मंदिर का 'सवा अरब' का सोना ?

### तीर्थ पुरोहित का 230 किलो सोने की हेरा फेरी का आरोप, बदरी-केदारनाथ मंदिर समिति ने किया खंडन

■ अर्श

देहरादून। क्या सदियों से भारतवर्ष की आस्था का अहम केंद्र रहे केदारनाथ मंदिर की प्रबंध समिति मे भीतर खाने कोई बड़ी आर्थिक गड़बड़ी फल-फूल रही है ? यह सवाल आहिस्ता-आहिस्ता अब एक बड़ा आकार लेता जा रहा है ,क्योंकि केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में कुछ माह पहले लगे सोने को लेकर इन दिनों एक नया बखेड़ा शुरू हो गया है। केदारनाथ धाम से जुड़े तीर्थपुरोहित संतोष त्रिवेदी ने मंदिर प्रांगण के बनाए गए एक वीडियो में आरोप लगाया है कि मंदिर के गर्भगृह में लगा सवा अरब का सोना पीतल में तब्दील हो गया है। वीडियो में पुरोहित ने दावा किया है कि गर्भ गृह में सोने की जगह पीतल लगाया गया। इस वीडियो में मंदिर कमिटी पर सोने की जांच न करने का आरोप भी लगाया है , साथ ही तीर्थपुरोहित संतोष त्रिवेदी ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच की मांग भी की है। संतोष त्रिवेदी का आरोप है कि केदारनाथ धाम में लगाए गए 230 किलो सोने की चोरी की गई है और असली सोने की जगह वहां नकली सोना लगाया गया है। इस वजह से गर्भगृह का सोना अब पीतल की तरह दिखने लगा है। बताना होगा कि तीर्थ पुरोहित संतोष त्रिवेदी चार धाम महापंचायत के उपाध्यक्ष भी हैं। सोशल मीडिया पर त्रिवेदी का यह दावा वायरल होकर धड़ाधड़ शेयर हो रहा है और तमाम लोग ट्विटर पर तरह-तरह के ट्वीट कर रहे हैं। लोग सच जाने बिना ही केदारनाथ मंदिर समिति पर बरस तो रहे ही हैं ,साथ ही कुछ पेशेवर ट्वीटबाजो ने तो इसके लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक को इसके लिए दोषी ठहराने की कोशिश भी की है । उधर बद्री केदारनाथ मंदिर समिति ने त्रिवेदी के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। अपने बयान में बदरी- केदारनाथ मंदिर समिति ने कहा है कि बिना तथ्यों के भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। ऐसा कर लोगों की भावनाएं आहत करने की कोशिश हो रही है। मंदिर समिति ऐसी भ्रामक जानकारी का मजबूती से खंडन करती है। समिति (शेष पृष्ठ सात पर)



## वन कर्मियों पर हमला कर ट्रैक्टर ट्राली लूट ले गए तस्कर

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर में जहां एक और अवैध खनन को लेकर लगातार वन विभाग और वन निगम चर्चाओं में रहता है तो वही खनन माफियाओं द्वारा वन कर्मचारियों के साथ मारपीट भी आम बात हो गई है। अब खनन माफियाओं के साथ ही लकड़ी तस्कर भी वन कर्मियों के लिए सिरदर्द बन गए हैं तथा लकड़ी तस्कर भी खुलेआम जहां एक और जंगलों से पेड़ काट कर ले जा रहे हैं तो वही इन्हें रोकने पर तस्कर कर्मचारियों को अपना निशाना भी बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला तराई पश्चिमी वन प्रभाग की ज्वाला वन बीट क्षेत्र का सामने आया है जहां लकड़ी तस्करों ने वन निगम कर्मचारियों के अलावा निगम ठेकेदार के साथ एवं तराई पश्चिमी वन विभाग के वीट वाचर के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं लकड़ी तस्कर लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली जबरन लूट कर ले गए। जिसके बाद निगम एवं वन विभाग में हड़कम्प मचा है। हालांकि वन विभाग कर्मचारियों पर हमला करने आए एक लकड़ी तस्कर की बंदूक वन कर्मियों ने छीन कर पुलिस के हवाले (शेष पृष्ठ सात पर)

## रामनगर में फिर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान,सामान जब्त

रामनगर(उद संवाददाता)। शहर को जाम से मुक्त करने के लिए सोमवार को पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। स्थानीय प्रशासन नगर पालिका एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने रानीखेत रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त किया। साथ ही ठेले एवं खोखे भी जब्त किये गये। एसडीएम गौरव (शेष पृष्ठ सात पर)



## महिला की संदिग्धावस्था में मौत, हत्या का आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की प्रीत विहार कालोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उधर सूचना पर मृतका का भाई भी पहुंच गया। भाई ने बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस के मुताबिक प्रीत विहार कालोनी निवासी 35 वर्षीय मीना पत्नी प्रेम शंकर की रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे उपचार को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भिजवाया। पुलिस के मुताबिक महिला के गले में निशान भी है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस को पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मृतका के भाई बाबू निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)




रस्म पगड़ी

**कबीरा जब हम आए जगत में, जग हंसे हम रोए।**
**ऐसी करनी कर चले, हम हंसे जग रोए।।**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे सुपुत्र **रोहित पसरीचा** दिनांक 8 जून 2023 को इस नश्वर संसार को छोड़कर श्री प्रभु चरणों में लीन हो गये हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनांक 20 जून 2023 दिन मंगलवार** दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक **श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ( पांच मंदिर ) रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

स्व.प्रेम सागर पसरीचा-आशा (चाचा-चाची) श्रीमती तारावन्ती पसरीचा (दादी)
सुरेश पसरीचा-कुसुम(चाचा-चाची) विमला-हरीश पसरीचा (माता-पिता)
स्वीटी-राजेश अनेजा (सास-ससुर) नीति पसरीचा (पत्नी)
सिमरन-सजल अनेजा (साला-सलहज) रिहिता, निहिता (पुत्री)
हर्षित पसरीचा, निखिल पसरीचा (भाई) पूजा-नितिन मल्होत्रा (बहन-जीजा)

**समस्त पसरीचा, अनेजा, अरोरा, मल्होत्रा परिवार**

Qe&i l jhpk DykFk gkm l ]lCth e.Mh] #æi j
ek-9639607660]9811455456]8958927000


## जन अपेक्षाओं पर खरी उतरी भाजपा सरकार:भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार नौ वर्ष के कार्यकाल में जन अपेक्षाओं पर पूरी तरह से सफल होकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। यह बात हरियाणा के विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश भट्ट ने यहां पार्टी के विधानसभा स्तर के लाभार्थी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा जनहित में कई लाभकारी योजनायें संचालित की जा रही हैं। जिसका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए भी गंभीरता से प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री सदैव कार्य करते हैं। विशेषकर गरीब , पिछड़े व असहाय लोगों के लिए अधिक कार्य किये गये ताकि सभी को समान रूप से आगे आने का अवसर मिल सके। श्री भट्ट ने कहा कि वर्ष 2015 से 2023 के मध्य केन्द्र सरकार ने जितने विकास कार्य किये उतने कई दशकों तक नहीं हो सके थे। आज विश्व के कई देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास परक सोच का लोहा मानते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में तेजी से अग्रसर हो रही। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने भारत का (शेष पृष्ठ सात पर)






# संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में तीन प्रस्ताव पारित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संयुक्त किसान मोर्चा उत्तराखंड की राज्य स्तरीय बैठक मंडी भवन गेस्ट हाउस रुद्रपुर में गंगाधर नौटियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अखिल भारतीय किसान सभा, किसान महासभा, तराई किसान संगठन, भूमि बचाओ मुहिम, भारतीय किसान यूनियन एकता (उग्राहा), क्रांतिकारी किसान मंच, अखिल भारतीय किसान सभा (अजय भवन) और किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक एवं तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने बैठक का एजेंडा पेश किया। संचालन बल्ली सिंह चीमा ने किया। बैठक में तय किया गया कि जुलाई माह में संयुक्त किसान मोर्चा के विस्तार के लिए देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल में 4 क्षेत्रीय किसान सम्मेलन किये जायेंगे, जिसमे मजदूरों की भी सहभागिता होगी। 26 जुलाई को किसानो को मुफ्त बिजली, वर्षो से वन भूमि, बांध, सिचाई विभाग, ग्राम समाज की भूमि पर काबिज मजदूरों- किसानो को मालिकाना हक देने, उनका उनका पुनर्वास किये बिना बेदखली पर रोक लगाने, वर्ग चार व वर्ग एक के पट्टे की भूमि पर उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेश के तहत हजारों किसानो की जमा लंबित पत्रावलियों का निस्तारण करने, गन्ने का खरीद मूल्य 450 रुपए प्रति कुंतल करने, चीनी मिलों का निजीकरण रोकने, जंगली जानवर व आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने सहित कई मांगो पर जिला, तहसील स्तर पर प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन आयोजित किये जायेंगे। साथ ही संयुक्त किसान मोर्चे को प्रांतीय स्तर पर संयोजन के लिए गंगाधर नौटियाल व बल्ली सिंह चीमा को आगामी 4 माह के लिए संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में शिव प्रसाद देवली, आनंद सिंह नेगी, जागीर सिंह, जगतार सिंह बाजवा, बलविंदर सिंह आदि समेत कई किसान मौजूद थे।



# धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्म दिन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी का जन्मदिन यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटा और मिष्ठान वितरण किया। इससे पूर्व महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा के नेतृत्व में युवा हृदय सम्राट राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 66 विधानसभा रुद्रपुर से विधायक पद की कांग्रेस की प्रत्याशी रही पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी देश की धड़कन है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और जोश है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने पिछले दिनों कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो पदयात्रा निकालकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस पहल के बाद कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है वही कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिली है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि हम राहुल गांधी के उज्जवल और सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि राहुल गांधी देश का भविष्य है। और देश की जनता उनकी तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है उन्होंने कहा कि 2027 में राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामदयाल सिंह, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, निगम पार्षद परवेज कुरेशी, निगम पार्षद सुशील मंडल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, विकास मलिक, आनंद शर्मा, छत्रपाल, हाजी जाकिर अंसारी, जमुना कोली, शाहरुख खान, डी के नियाज, पूर्व प्रधान प्रेम सिंह, विपिन रस्तोगी, रविंद्र गुप्ता, मनोज कुमार, अरविंद सक्सेना, कृपाल सहाय, रवि कुमार, नाजिर अहमद, कमलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# आर्य समाज के जवाहरलाल अध्यक्ष व अमित मंत्री निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर्य समाज रुद्रपुर का वार्षिक चुनाव प्रधान जवाहरलाल तनेजा व मंत्री राजेंद्र चांदना की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें 7 पदों पर चुनाव किया गया। जिसमें जवाहर लाल तनेजा को पुनः प्रधान, सुरेश चंद गुप्ता को पुनः उपप्रधान, अमित आर्य जी को मंत्री, राजकुमार गुलाटी को उपमंत्री, सुधीर ग्रोवर को कोषाध्यक्ष, चंद्र प्रकाश को पुस्तकालय अध्यक्ष, महावीर प्रसाद को लेखा निरीक्षक, अजय वर्मा को अधिष्ठाता आर्य वीर दल, व श्रीमती लक्ष्मी देवी को उपप्रधाना स्त्री समाज सर्वसम्मति से घोषित किया गया।चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय प्रधान डीपी यादव की देखरेख में संपन्न हुई व उन्होंने महर्षि स्वामी दयानंद जी की 200वीं जयंती वर्ष को सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा दिए गए निर्देशानुसार तन, मन, धन से एकजुट होकर हर्षोल्लास से मनाने का संकल्प दिलाया। चुनाव में 21 घोषित सभासदों में से 16 सभासद मौजूद रहे। जिसमें पूर्व प्रबंधक आर्य कन्या इंटर कॉलेज व वर्तमान प्रांतीय लेखा निरीक्षक पृथ्वीराज आर्य, सतीश तनेजा, हरीश तनेजा, संतोष आर्या, सीमा गुलाटी, अलका तनेजा, चंचल तनेजा मौजूद रहे। सभी ने नई निर्वाचित समिति का स्वागत किया।



# आम के बाग में मृत मिले कई बंदर, नौ लोग हिरासत में

काशीपुर(उद संवाददाता)। आम के बाग में कई बंदरों की संदिग्ध अवस्था में मौत से वन विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने मृत अवस्था में पाए गए बंदरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में बाग की रखवाली करने वाले करीब 9 लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बाजपुर रोड पर जैतपुर फार्म के पास आम का बाग है। यहां स्थानीय लोगों ने एक बंदर के बच्चे को अपनी मां से लिपट कर बिलखते हुए देखा तो आस पास छानबीन की। जिस पर उन्हें आस-पास और भी बंदर मृत अवस्था में मिले। जब आम के बाग में आकर देखा तो वहां उन्हें जगह-जगह दुर्गंध आती दिखी। वहां हाल ही में खोदे गये गड्ढों को देखा तो उनमें अनेक बंदर मिले। बताया जा रहा है इस बाग के मालिक पीलीभीत में रहते हैं। बाग को बरेली के कुछ लोगों को ठेके पर दो साल पहले दे दिया गया था। आसपास के रहने वाले स्थानीय लोगों के मुताबिक पिछले 15 वर्षों से इस आम के बाग को मालिकों के द्वारा ठेके पर दिया जाता रहा है। स्थानीय लोगों ने आम के बाग में नुकसान से बचाव करने के लिए आम के बाग की रखवाली करने वालों ने जहर देकर बंदरों को मारने का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों ने आम की रखवाली करने वाले सभी लोगों को मौके पर ही दबोच लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आईटीआई थाना इंचार्ज आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची। और सात लोगों को हिरासत में लिया। इस दौरान आईटीआई थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें लोगों के द्वारा बताया गया कि बरेली के कुछ लोगों के द्वारा यह बाग ठेके पर लिया गया है और इन्हीं लोगों के द्वारा हो सकता है कि बंदरों को हानि पहुंचाई गई हो। फिलहाल पुलिस ने बाग की रखवाली करने वाले सभी 9 लोगों को हिरासत में ले लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है। मृत बंदरों के शवों को पशु चिकित्सालय पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है।



# किच्छा न्यायालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत किच्छा के पीएलवी के द्वारा न्यायालय किच्छा के न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारी गण, पुलिस अधिकारीगण, नगर पालिका किच्छा के पर्यावरण मित्र सहित करीब 400 से अधिक लोगो ने स्वच्छता अभियान के अवसर पर किच्छा न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रगान गाया गया। उसके उपरांत सभी उपस्थित लोग न्यायिक अधिकारियों के नेतृत्व में स्वच्छता से संबंधित नारे लगाते हुए रास्ते मे झाड़ू से कूड़ा एकत्र करते व सफाई करते हुए गाँधी पार्क गए वहां सफाई की गई। इस कार्यक्रम में किच्छा के सभी पीएलवी गुलनाज मलिक, मेहनाज मलिक, शिखा त्रिपाठी, रियासत अली, बाँके लाल, धमेंद्र, तारा रानी, हेमलता कटारिया व अधिवक्ता लालू प्रसाद भी शामिल रहे।



# स्वास्थ शिविर में 180 लोगों का हुआ चेकअप

गदरपुर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम से सकैनिया के ग्राम प्रधान संजय चौधरी द्वारा स्वास्थ शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ जांच कराई।शिविर का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा द्वारा फीता काटकर किया गया।निःशुल्क जांच शिविर में लगभग 180 ग्रामीणों का स्वस्थ प्रशिक्षण किया गया वही 62 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए।स्वास्थ शिविर में रुद्रपुर के निजी अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टर एवं जरनल सर्जन शैलेश कुमार चौधरी द्वारा शिविर में ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिये। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने कहा आज जहां एक ओर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार आयुष्मान कार्ड से लोगो को राहत देने का कार्य कर रही है तो वही दूसरी और ग्राम प्रधान संजय चौधरी जैसे पार्टी के सच्चे सिपाही बनकर समय समय पर कैम्प लगाकर लोगो के स्वास्थ्य परीक्षण की जांच कराकर जनता की सेवा कर रहे है। उन्होंने संजय चौधरी को शिविर के सफल आयोजन की बधाई दी।इस दौरान ग्राम प्रधान मीना संजय चौधरी, डॉ देशराज कम्बोज, सुरेंद्र सिंह, अनिल शर्मा, कुलदीप सिंह, कमलेश, राधिका सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



# गदरपुर में विभिन्न स्थानों पर चलाया स्वच्छता अभियान

गदरपुर(उद संवाददाता)। माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद गदरपुर द्वारा तहसीलदार महोदय एवं पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में सबको शहर को स्वच्छ रखने हेतु शपथ दिलाई गई। इसके उपरान्त अधिशासी अधिकारी जगदीश चंद्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर पालिका द्वारा निर्मित तीन टीमों में कर्मचारियों को विशेष स्वच्छता अभियान हेतु अग्रसारित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ के जवानों एवं एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवक द्वारा पालिका कर्मचारियों एवं पर्यावरण मित्रों के साथ विशेष स्वच्छता अभियान रैली निकाली गयी जिसमें लोगों नगर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। पालिका द्वारा गठित अलग-अलग टीमों द्वारा इसे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों से कुल 200 किलो सुखा कूड़ा एवं 211 किलो गीला कूड़ा एकत्रित किया गया। समस्त टीमें ब्लॉक परिसर गदरपुर पर एकत्रित हुए। यहां पर पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस द्वारा शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 10 उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को पुरस्कृत किया गया एवं अपने शहर को स्वच्छ रखने वह पॉलिथीन का प्रयोग ना करने हेतु प्रोत्साहित कर स्वच्छता अभियान का समापन किया गया। इस अवसर समस्त पालिका स्टाफ, पर्यावरण मित्र, सभासद गण आदि मौजूद रहे।



# राहगीरों को शरबत और तीखे चने वितरित

गूलरभोज(उद संवाददाता)। गूलरभोज मेन मार्केट मे मनोज सिडाना के प्रतिष्ठान पर झुलसती धूप से बचने के लिए छबील लगाई गई एवं विशाल गुंबर के प्रतिष्ठान पर भगवान इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए व्यापारियों ने राहगीरों को तीखी मिर्च के चने का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, मनोज सिडाना, विशाल गुंबर, संजय गुंबर, मनीष गुंबर, संदीप रल्हन, सोनू चौधरी, इंदरजीत सिंह, विजय कुमार चिमनलाल, गोलू पॉपली, अजय सिडाना, संचित सिडाना, अशोक सिडाना, शिवम रघुवंशी एवं हरेंद्र तोमर आदि लोग उपस्थित थे।



# राहुल गांधी के जन्म दिन पर मरीजों को बांटे फल

रुद्रपुर/ काशीपुर/ किच्छा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीपी शर्मा की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही इससे पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिन को पार्टी ने सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दलितों-गरीबों के उत्थान के लिए राहुल गांधी का संघर्ष जारी है। उनका यह संघर्ष निश्चित ही रंग लायेगा। राहुल गांधी के प्रयासों से पार्टी मोदी छत्रपाल, ओमप्रकाश गंगवार, नंद किशोर गंगवार, रामकृष्ण सैनी, राहुल कुमार, बाबू विश्वकर्मा आदि शामिल थे। **काशीपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के 53वें जन्मदिन के मौके पर यहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजकीय चिकित्सालय पहुंचकर रोगियों को फल वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना फल वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में चार बार ऐतिहासिक जीत दर्ज कराते हुए राहुल गांधी सांसद रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पिता राजीव गांधी की तर्ज पर विकास को गति देने का काम किया। आज जब संसदीय चुनाव के मद्देनजर मुशर्रफ हुसैन, संजय चतुर्वेदी, इंदु मान, इलियास माहीगीर, विनोद होंडा, शाह आलम, सद्दाम, भारत पराशर, आदि मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के 53 वें जन्मदिन को एनएसयूआई (भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन) के कार्यकर्ताओं ने पूरे जोशो खरोश के साथ मनाया। एनएसयूआई के कमेटी में सरकारी अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरण कर मरीजों के स्वास्थ्य की कामना के साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लंबी उम्र की दुआएं मांगी। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक अध्यक्ष रमेश तिवारी और गुड्डू ने कहा कि मरीजों की सेवा कर उनके जहां







जन्म दिन के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी के कलेंडर भी बांटे गये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के आहवान पर प्रदेश भर में राहुल गांधी के जन्म दिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने के लिए तय कार्यक्रम के तहत महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के जन्म दिन पर उनकी दीर्घायु की कामना के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किये। इस अवसर पर सरकार को उखाड़ फेंकेगी। सीपी शर्मा ने कहा कि राहुल ने दबे-कुचले लोगों, महिलाओं व अल्पसंख्यकों के हित में कई कदम उठाए। आज के युवाओं को उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सौरभ चिलाना, पार्षद मोहन खेड़ा, कांग्रेस नेता सुनील आर्या, भूपेश सोनी, कमर खान, फरीद मंसूरी, उमा सरकार, गोपाल भसीन, सतीश कुमार, भूपेन्द्र कुमार, फैजल खान, अर्जुन विश्वास, की। राहुल गांधी के इस जन्मदिन को कांग्रेस कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा की यादों को ताजा करने के रूप में मना रहे हैं। ज्ञातव्य है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज 52 वर्ष के पूरे हो गए। उनके 53वें जन्मदिन के मौके पर समूचे देश के साथ-साथ यहां उत्तराखंड के काशीपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सुबह एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती रोगियों को समूचे देश में बार फिर से परिवर्तन की लहर है खासकर युवा वर्ग कांग्रेस नेता राहुल गांधी को खूब पसंद कर रहा है। वक्ताओं ने कहा कि आने वाला दिन एक बार फिर से कांग्रेस का होगा। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2024 में कांग्रेस एक बार फिर पूरे दमखम के साथ देश की सत्ता पर काबिज होगी। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष संदीप सहगल, अरुण चौहान, युवा कांग्रेस नेता अर्पित मेहरोत्रा, आशीष अरोरा बॉबी, एन सी बाबा, ब्रह्म पाल, कार्यकर्ताओं ने गवर्नमेंट हॉस्पिटल में पहुंचकर सुबह रोगियों को फल बिस्किट व जूस वितरित करते हुए उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष लवदीप सिंह, विधायक प्रत्याशी नरेंद्र चंद्र सिंह, वसीम अकरम, राहुल रमनदीप, अगम चौधरी व अंकित बिष्ट मौजूद रहे। **किच्छा।** कांग्रेस नगर कमेटी के तत्वाधान में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस स्वस्थ होने की कामना की गई वही मरीजों द्वारा भी राहुल गांधी जी की लंबी उम्र की कामना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता है तथा तथा युवा पीढ़ी के मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश दुआ, छोटू कोली, डिंपल सिंह, इम्तियाज मलिक, दुर्गेश गुप्ता, बलजिंदर सिंह, इंतजार अहमद, बाबूराम, राजू कश्यप, वाजिद खान, आरिफ मोहम्मद कुरैशी सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चो ने बनाए मोदी मित्र

गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष इंतेजार हुसैन ने प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली के साथ गदरपुर में मोदी मित्रों से मुलाकात की। साथ ही मोदी मित्र प्रमाण पत्र भी जारी किए। इस मौके पर इंतेजार हुसैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मोदी मित्र कार्यक्रम चला रही है जिसके तहत गदरपुर के अलावा प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि गदरपुर में तेजी से मुस्लिम समाज भाजपा से जुड़ रहा है। कांग्रेस ने गदरपुर के मुस्लिम समाज को छला है आजाद हिंदुस्तान में कांग्रेस ने




मुस्लिम समाज को दीमक की तरह चाटा है। वोट लिए है कांग्रेस ने लेकिन मुस्लिम समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए कोई काम नही किया। भाजपा के शासन में सभी को नोकरी मिली है राशन मिला है और मिल रहा है आवास मिल रहा है सिलेंडर मिला है चौतरफा विकास हो रहा है नगरपालिकाओं को भरपूर पैसा विकास के लिए दिया जा रहा है।इस मौके पर मोदी मित्र बनाए गए लोगों में इदरीस अहमद, इस्लाम अहमद, तेली समाज के अध्यक्ष नजीर सकलैनी तेली, सलमानी समाज के अध्यक्ष रासम सलमानी, अंजार हुसैन, अरमान सैफी, निर्मल, राजू, इरफान, अय्यूब, बाबू, सईद, अली अहमद, अफनान, अबू स्वालेह, वसीम आदि काफी लोग मौजूद थे।

## भाजपा कर रही देश और प्रदेश का बेड़ा गर्क: शर्मा

### छत्रपाल बने वार्ड 12 के कांग्रेस अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने शहर के वार्ड 12 इड्स्ट्रीयल एरिया में शास्त्री नगर निवासी छत्रपाल को वार्ड अध्यक्ष घोषित किया है। वार्ड में आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्ष के लिए छत्रपाल के नाम की घोषणा की गयी और उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि छत्रपाल कांग्रेस के जमीन से जुड़े हुए कर्मठ कार्यकर्ता हैं उनके वार्ड अध्यक्ष बनने से वार्ड में पार्टी संगठन मजबूत होगा और आगामी निकाय चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। श्री शर्मा ने वार्डवासियों को भाजपा के नेताओं से सावधान रहने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा के लोग नये नये जुमले और लुभावने वायदे लेकर जनता के पास आते हैं और उसके बाद जनता को उसके हाल पर छोड़ देते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है। नफरत फैलाकर सत्ता हासिल करना ही भाजपा का मुख्य मकसद है। महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए भाजपा तरह तरह के हथकण्डे अपनाती है। भाजपा की इस मानसिकता को जनता अच्छी तरह पहचान चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों, किसानों और व्यापारियों



को उजाड़कर उन्हें भुखमरी के कगार पर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में इसका विरोध किया जिसके बाद सरकार को बैक फुट पर आना पड़ा। लेकिन भविष्य में फिर सरकार लोगों को उजाड़ सकती है। इस सरकार से अब भरोसा उठ चुका है। नजूल भूमि पर बसे लोगों को भी सरकार कभी भी उजाड़ सकती है। श्री शर्मा ने कहा कि जनता को कभी अतिक्रमण के नाम पर तो कभी सत्यापन के नाम पर डराया जा रहा है। पुलिस का सत्यापन अभियान वसूली का जरिया बन चुका है। इससे मकान मालिक और किरायेदार सभी परेशान हैं। कांग्रेस जनता का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन ने कहा कि निकाय चुनाव में इस बार जनता भाजपा को करारा सबक सिखायेगी। नगर निगम में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस भ्रष्टाचार में भाजपाई पार्षद भी गोते लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों की बस्तियों में लगने वाले पैसे को बिल्डरों की कालोनियों में लगाया जा रहा है। इसके चलते आज आम आदमी को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस नेता गोपाल भसीन ने जनता से सोच समझकर आगामी निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करनने का आहवान किया। नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष छत्रपाल ने अपनी नियुक्ति के लिए महानगर अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उस पर पूरी निष्ठा से काम करेंगे और इस बार निकाय चुनाव में पार्षद की सीट कांग्रेस की झोली में डालने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुनील आर्य, सतीश राजपूत, सुरेश यादव, अनिल साहनी, महेन्द्र मौर्या, ओमप्रकाश गंगवार, हरी राम, गोविंद सक्सेना, मुलायम सिंह, कृष्णपाल, महेन्द्र सैनी, किशन लाल, बिट्टू कुमार, अर्जुन सरदार, नगेन्द्र, मंगल सेन मौर्य, किरन देवी, उमा देवी, राजो देवी, हरप्यारी, सोमवती चन्द्रा, ओमकार राठौर, जमील नेता, डाल चन्द्र शर्मा, जफर भाई, रमेश पहलवान, श्रवण कुमार, राकेश कुमार, सत्यपाल, राहुल, हरीश, नरेन्द्र पाल आदि शामिल थे।

# जिला न्यायधीश व जिलाधिकारी की अगुवाई में चला स्वच्छता अभियान

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद में गत 12 जून से चल रहे स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत गत दिवस जनपद के न्यायालय परिसरो, शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय कार्यालयों, संस्थानों एवं विद्यालयों में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। न्यायालय परिसर में जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शंकर राज की अध्यक्षता में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान की शुरुआत जिला जज ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की।उन्होंने स्वच्छता स्ताह के अन्तर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों क्रमशः दीया, कृतिका बिष्ट व लक्ष्य नेगी, स्लोगन व कविता प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों प्रीति ओझा, ईशिता दुगताल, अनुष्का बिष्ट, जमीला, अंजलि व प्राची मेहरा, सर्वाधिक कूड़ा एकत्रित कर उसका निस्तारण करके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों में क्रमशः गंगोत्री गबर्याल राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पिथौरागढ़, मल्लिकार्जुन स्कूल ऐंचोली पिथौरागढ़ व मिशन इंटर कॉलेज पिथौरागढ़ एवं जनपद को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले





पर्यावरण मित्र राजेंद्र कुमार, आकाश, मोनू, दिनेश, सुमित,आकाश, विशेष, विनीत, रोहिताश, विकास कुमार, मुकेश व कविंद्र मोहन को प्रशस्ति पत्र शील्ड व गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला जज द्वारा उपस्थित लोगों एवं स्कूली छात्र- छात्राओं को इको फ्रेंडली थैले भी वितरित किए गये। इस अवसर पर स्कूली छात्र- छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर भी लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विभा यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह, सीनियर सिविल जज आरती सिरोहा, सिविल जज पूनम टोडी, अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन महेश चंद्र भट्ट, स्कूली छात्र-छात्राएं व अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं जिलाधिकारी रीना जोशी के दिशा निर्देशानुसार जनपद अंतर्गत समस्त शासकीय और अशासकीय संस्थाओं, विद्यालयों, कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ के उपरांत वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला कार्यालय में जिलाधिकारी ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारी गणों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। तत्पश्चात जिलाधिकारी की मौजूदगी में मोक्ष धाम रंधौला (निकट ऐंचोली) में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया और सफाई अभियान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जन को अपने आस-पास गंदगी न करने और साफ-सफाई करने की शपथ दिलाई। इसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छता गोष्ठी एवं पर्यावरण मित्रों का सम्मान कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी को पगड़ी, शॉल व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया और 40 पर्यावरण मित्रों को सम्मान पुरस्कार दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हम लोग अपने घर के अंदर तो साफ सफाई करते हैं लेकिन अपने घर के आस-पास की गंदगी पर ध्यान नहीं देते हैं, जिस कारण प्रदूषण फैल जाने की स्थिति में हमें ही बीमार का सामना करना पड़ता है। गोष्ठी को 55 वी एसएसबी बटालियन कमांडेंट आशीष कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, राजेंद्र रावत,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, राजदीप जायसी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी सदर अनुराग आर्य, आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर, एसएसबी जवान सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं जिला सूचना कार्यालय में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे जिला सूचना अधिकारी जानकी देवी, लोकेंद्र चंद्र व दिनेश आदि ने साफ सफाई की।

# विकास योजनाओं के लिये संसाधनों की कोई कमी नहीं: जोशी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार को जीबी पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जनपद प्रभारी व कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य आगामी 05 वर्षों में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को दोगुना करने के लक्ष्य तथा वर्ष 2025 तक राज्य को श्रेष्टतम राज्य बनाने हेतु राज्य सरकार के सशक्त उत्तराखण्ड / 25 की परिकल्पना को पूरा करना है।उन्होने कहा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन जनपद स्तर सही तरीके से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के विजन सशक्त उत्तराखण्ड 2025 में जनपद ऊधम सिंह नगर सबसे महत्वपूर्ण रोल रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा अनेक प्रकार के कार्य किये जा रहे हैं, समूहों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं उत्पादों को और अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है क्योंकि समूहों द्वारा उत्पादित सामान की मार्केट में दिन-प्रतिदिन मांग बढ़ती जा रही है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति बनाया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि किस क्षेत्र में किस फल की अधिक पैदावार हो रही है, फलों की पैदावार के अनुसार उपयुक्त स्थानों को चिन्हित किया जाये ताकि सम्बन्धित फलों की पैदावार को और अधिक बढ़ाया जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि जनता को किसी भी प्रकार परेशानी न हो और सरकारी सम्पत्ति को भी क्षति न हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है बल्कि सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमार संकल्प है कि 2025 तक राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है। जनपद प्रभारी मंत्री ने पिछले वित्तीय वर्ष में जिला योजना की शतप्रतिशत धनराशि का उपयोग करने पर बधाई दी। कार्यशाला में जनपद प्रभारी सचिव डॉ.रंजीत सिंहा ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोंग किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होकर गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है तभी जनपद व प्रदेश को बुलन्दियो पर पहुँचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की परेशानियों के निराकरण हेतु प्राथमिकता से रणनीति बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने स्थानीय स्तर पर नियोजन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं उपयोगी बनाने के लिए विभागों के अल्पकालिक, मध्यकालिक एवं दीर्घकालिक रोडमैप, अन्त विकासखण्डीय विषमताओं का चिन्हीकरण, जनपद के चहुँमुखी विकास हेतु उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग हेतु स्थानीय स्तर पर नियोजन प्रक्रिया, समावेशी विकास, समस्याओं को पहचान कर उसके त्वरित निस्तारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में मेयर रामपाल सिंह व जिला पंचायत सदस्यों द्वारा भी विकास से सम्बन्धित सुझाव क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने जन समस्याओं के निराकरण हेतु शुरू की गई ई-चौपाल कार्यक्रम, 30 सूत्रीय कार्यक्रम सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही शिक्षा, उद्यान, स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी । कार्यशाला में सांसद प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्र, अमित नारंग, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्मवाल, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता ज्योति पालनी, तरूण शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पन्त आदि उपस्थित थे।





# अंधकार में सुख ढूंढने से दुख ही मिलेगा: उमा भारती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की रुद्रपुर शाखा में मासिक भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सत्संग प्रवचन करते हुए श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री उमा भारती ने कहा की जन्म से मृत्यु तक बचपन से बुढ़ापे तक एक डोर निरंतर चलता है और वह है सुख को पाने का मानवीय दशा। अत्यंत दुखद है उसकी दुख की कहानी क्या है सबकी पीछे अपनी करनी जिम्मेवार है। अज्ञानता का शिकार व्यक्ति पूरा जीवन क्या करता है एक-एक सुख के तिनके को इकट्ठा करता है सारी शक्ति और कीमती समय सुख के लिए खर्च करता है कहीं से भी किसी भी वस्तु की प्राप्ति हो जाए एक बेचैनी सी रहती है। सदैव इंसान के मानस पटल पर पर सुख की तलाश में वह बहुत दूर चला जाता है किसी और ही दिशा में चला जाता है किसी और ही उलझन को बुनता चला जाता है। धीरे-धीरे जाल इतना विशाल हो जाता है कि उसका कोई छोर दिखाई नहीं देता। सुख के तिनके की लालसा उसके जीवन में ढेरों दुखों को निमंत्रण देती है परंतु कैसा आश्चर्य है पाने की आकांक्षा कुछ और थी परंतु प्राप्ति कुछ और ही हो जाती है। आखिर इसके पीछे कारण क्या है इस कारण अवश्य ही जानकर सूझबूझ से काम लेना होगा क्योंकि आज प्रत्येक मानव के साथ यहीं प्रतीत हो रहा है। इसका कारण और निवारण हमें तुलसीदास जी द्वारा रचित ज्ञान दीपक प्रसंग से स्पष्ट होता है वह इस प्रसंग में लिखते हैं कि अगर एक मनुष्य अंधेरे कमरे में एक गांठ सुलझाना चाहे तो क्या होगा। वह उस गांठ को सुलझाने की की बजाय इसे और अधिक उलझा लेगा। वह उस अंधकार में कभी भी सुलझ ना पाएगी परंतु यदि उसे कमरे में दीपक जला दिया जाए तो उस दीपक कट में मनुष्य गांठ को जल्दी सुलझा सकता है। इसी प्रकार मनुष्य आज अज्ञानता के अंधकार में विचरण कर रहा है। इस अंधकार में सुख को ढूंढता फिर रहा है। परंतु कैसे मिलेगा असंभव है इसलिए आवश्यकता है दीप जलाने की अर्थात प्रकाश करने की जब तक उसके भीतर में ज्ञान का दीपक प्रज्वलित नहीं होगा तब तक मनुष्य दुखों का अधिकारी रहेगा और ज्ञान की प्राप्ति के लिए इसे आवश्यकता है पूर्ण संत सतगुरु की शरण में जाने की। इसके साथ साथ हैं भजन संकीर्तन भी किया गया।






# धूमधाम से मनाया फादर्स डे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति व एनसीडब्ल्यूडीसी के संयुक्त तत्वाधान में फादर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बहुत सारे बच्चों ने अपनी पिताजी के प्रति अपनी भावनावो को बड़े ही निराले अंदाज में व्यक्ति किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ उषा नरेंद्र जैन ने की। संयोजक श्रीमती कविता रावत,सुमन देवी,ममता नेगी रहे। कार्यक्रम में बहुत सारे पिताओं ने अपने बच्चों के साथ शिरकत की बच्चों ने डांस के माध्यम से,अपने गानों के माध्यम से, कविताओं के माध्यम से केक काटकर अपने पिताजी के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया वह माहौल को बहुत ही इमोशनल बना बनाया। कार्यक्रम में बहुत ही आकर्षण का केंद्र रहा नन्ही सी बिटिया पूर्वी ने डांस के माध्यम से पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा बेटी हमारा ऐसा काम करेगी के माध्यम से सभी को भावुक किया । साथ ही आईशा बिटिया ने अपने डांस के माध्यम से चंदा ने पूछा तारों से तारों ने पूछा हजारों से गाने की धुन में अपनी भावनाएं व्यक्त की। सपना बिटिया ने एक गाने के माध्यम से पिताजी के प्रति भावनाएं व्यक्त की।साथ ही सार्थक बेटे ने कार्यक्रम की शुरुआत करके सभी को फादर्स डे की बधाइयां देते हुए कहा वैसे तो हर दिन पापा का है बिना उनके हम कुछ भी नही हैं,एक परिवार की रीढ़ की हड्डी होते हैं पिता,हमारी हर खुशी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं पापा,आज पितृ दिवस पर हम सब बच्चे संकल्प लेते हैं कि जिस तरह से हमारे लिए हमारे पापा मेहनत करते हैं हम भी जीवन में मेहनत करके अपनी मातापिता का नाम रोशन करेंगे।डॉ उषा नरेंद्र जैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों को उपहार भेंट किये। इस कार्यक्रम में नरेंद्र सेठी जैन,गोविंद बेड़ा, ललन प्रसाद,गोपाल सिंह,संदीप हेमन्त, नीरमति देवी,अनीता देवी, सुशीला देवी, मनजीत कौर, सुशीला देवी, मंजू देवी, पुष्पा देवी, हेमा देवी, मीना देवी,श्रीमती सुमन तिवारी, कविता रावत, ममता नेगी आदि उपस्थित रहे।





# सात माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।भतरौजखान थाने में नामजद एसएसी एसटी एक्ट के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उक्त अभियोग में विवेचक की प्रभावी विवेचनात्मक कार्यवाही से अभियुक्त विशन सिंह रावत उर्फ विक्की रावत, निवासी चौखुटिया का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिए विगत 7 माह से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयासरत रहकर उसके मिलने के सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी, लेकिन शातिर अभियुक्त पुलिस के हाथ नहीं लग पा रहा था। एसएसपी रामचंद्र राजगुरुने वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विवेचक को निर्देशित किया गया था। विवेचक सीओ रानीखेत टी0आर0 वर्मा द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष चौखुटिया को धारा 55 सीआरपीसी का नोटिस जारी करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त विशन सिंह रावत उर्फ विक्की रावत की गिरफ्तारी हेतु कई जगह दबिशें दी जिसके बाद अभियुक्त विशन सिंह रावत को सराईखेत से गिरफ्तार लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अवनीश कुमार,बृजमोहन भट्ट,प्रदीप रौतेला, महेश राम आदि शामिल थे।



# पत्रकार प्रेस परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

हल्दुचौड (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्वच्छता सप्ताह के अंतिम दिवस पत्रकार प्रेस परिषद के जिला अध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट के नेतृत्व में हनुमान मंदिर 1008 बाबा केशवदास आश्रम गंगापुर रोड में सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में लालकुआं विधानसभा के विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट व पत्रकार प्रेस परिषद के कुमाऊं प्रभारी अशोक गुलाटी, विष्णु दत्त मिश्रा, रेवा धर भट्ट, प्रकाश चंद भट्ट, राजेंद्र नेगी, भूतपूर्व सैनिक सूबेदार मोहनचंद, किशन सिंह कन्याल, पूर्व रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर भोपाल सिंह किरौला, बची सिंह रावत, ग्राम प्रधान गंगापुर कबडवाल ललित सनवाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित बिष्ट, मातृशक्ति कमला मिश्रा, आशा भट्ट आदि ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की और सभी लोगों ने हनुमान जी से कूड़ा फेंकने वालों को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की।



# कोलम्बस के मानस मिश्रा ने की जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा उतीर्ण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थी मानस मिश्रा पुत्र लवकुश मिश्रा ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाते हुए अखिल भारतीय इंजीनियरिंग परीक्षा का दूसरा चरण जेईई (एडवांस्ड) में स्वर्णिम सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय का परचम लहराया। आईआईटी द्वारा हाल ही घोषित किए गए परिणामों में विद्यालय के मानस मिश्रा ने प्रतिष्ठित जेईई (एडवांस्ड) की परीक्षा को उत्तीर्ण करते हुए देश के सर्वोत्तम इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में प्रवेश हेतु अपना मार्ग प्रशस्त किया। मानस मिश्रा ने बताया कि वह आइआईटी दिल्ली या आईआईटी कानपुर से कम्प्यूटर ब्रांच से इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। ज्ञात हो कि इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में मानस मिश्रा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान वर्ग में रूद्रपुर टॉप किया था। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष कोलम्बस के बच्चों द्वारा प्राप्त की जा रही सफलता से वे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने विशेष तौर पर मानस की तारीफ करते हुए कहा कि मानस एक विशेष प्रतिभा सम्पन्न विद्यार्थी है व अपनी पढ़ाई और भविष्य को लेकर उनकी निष्ठा अद्वितीय है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी कोलम्बस के बच्चे इस प्रकार की सफलता को दोहरा विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने मानस की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पूरा विद्यालय परिवार काफी उत्साहित और हर्षित नजर आया।



# पीएम मोदी ने देश को दी नई पहचान: रेखा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विधानसभा सोमेश्वर में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद रेखा वर्मा व कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य मौजूद रहीं। सांसद रेखा वर्मा वमंत्री रेखा आर्या ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सरकार की सफल गरीब कल्याणकारी नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के समक्ष रख कर भाजपा की सपष्ट नीतियो और राष्ट्र प्रेम की सोच को महान बताया और कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ ही जनसेवा एवं गरीब कल्याण के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से अहर्निश कार्य करने वाला संगठन भी है। बीते नौ वर्षों में मा.प्रधानमंत्री जी ने देश को एक नई पहचान और दिशा दी



राष्ट्र सर्वोपरि की सोच को जनसाधारण के समक्ष रखा गया। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि एक महिला पूरे समाज को शिक्षित करती है नारी तुम नारायणी सरकार की नीतियां महिला सशक्तिकरण हेतु बालिका आरक्षण 30% राज्य आंदोलनकारियों उचित सम्मान में 10 % आरक्षण एवम सरकार की दर्जनों गरीब हैमंत्री रेखा आर्या ने सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की योजनाएं जन–जन तक बढ़ाने की बात कही और साथ ही सभी से लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। सह प्रभारी व सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एक युगपुरुष है जिन्होंने पिछले 9 वर्षों में देश में ऐसे ऐसे विकास कार्य किए हैं और 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना' जैसी विभिन्न अद्भुत योजनाओं का शुभारंभ किया हैं जिससे गरीबों को बहुत लाभ मिल रहा है और वह रोजगार चला जा रहा है। साथ ही सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात भी कार्यक्रम में सुनने का अवसर भी हजारों लोगों को एक मंच पर मिला। इस दौरान अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा अल्मोड़ा जिला प्रभारी प्रदीप बिष्ट, कार्यक्रम के संयोजक महेश नयाल और सह संयोजक गीता जोशी जी , चारो मंडलो के मंडल अध्यक्ष, जिला महामंत्री ललित दोसाद,धर्मेंद्र बिष्ट,मंडल अध्यक्ष अंजली जोशी वंदना आर्य, पुष्पा भंडारी,लता पंत,कविता खर्कवाल,हेमा नेगी,निर्मला रावत,आशा बोरा,कविता अधिकारी भुवन जोशी राजिंद्र कैडा, विनोद पांडे, केवलानंद जोशी,चंदन भारती चंदन बिष्ट, भूपाल मेहरा,गजराज भाकुनी, नरेंद्र मोहन नयाल,आनद डंगवाल,कृपाल नयाल, कृपाल बिष्ट,रमेश पांडे, शंकर बिष्ट,गिरीश बोरा,धर्मेंद्र बिष्ट,शिवेंद्र बोरा,विनोद मेहरा, बहादुर सिंह बिष्ट, केवला नंद जोशी, प्रमोद कुमार गोविंद बिष्ट कृष्णा भंडारी, खड़क सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे।

# ई–रिक्शा तथा ऑटो को संयुक्त रुप से एक निश्चित स्टैण्ड से चलाया जाये

## आईजी भरणे ने यातायात व्यवस्था सुधारने के दिये निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणे द्वारा हल्द्वानी शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर गठित एएनटीएफ टीम के साथ कैम्प कार्यालय में गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम विगत एक सप्ताह में टीम द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि कार्यवाही संतोषजनक है किन्तु अभी और प्रभावी करने की आवश्यता है। आईजी को अवगत कराया गया कि एक सप्ताह में मुख्य रुप से की गयी कार्यवाही के दौरान सरगम सिनेमा के सामने प्राइवेट टैक्सी स्टैण्ड को पूर्ण रुप से हटाकर टैम्पो स्टैण्ड बनाया गया है। डॉ. सुशीला तिवारी हास्पिटल के आगे से सारा अतिक्रमण हटा दिया गया है जिसमें भविष्य में समतल कराकर चार एम्बुलेंस तथा 04 टैम्पो हेतु पार्किंग व्यवस्था की जायेगी। आईजी ने निर्देश दिए कि चूकि ई– रिक्शा के पास कोई परमिट नहीं है लिहाजा ई–रिक्शा तथा ऑटो को संयुक्त रुप से एक निश्चित स्टैण्ड से चलाया जाये। परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर ऑटो/ई–रिक्शा मे कलर कोडिंग की जाये। जिस भी ऑटो स्टैण्ड से ऑटो/ ई–रिक्शा निकलेंगे अपने–अपने नम्बर से निकलेंगे उनको एक पर्ची दी जायेगी जिसमें निकलने का समय रुट निर्धारित किया जायेगा। स्टैण्ड पर साईन बोर्ड लगाया जायेगा जिसमें स्टैण्ड किस हेतु है जैसै ऑटो/ई– रिक्शा, एम्बुलेंस, मरीज के वाहन आदि। उन्होंने कहा साईन बोर्ड पर रुट का नाम, किराया भी स्पष्ट रुप से अंकित किया जाये। यदि बिना पर्ची ,रुट एवं समय के मुताबिक अनिमियता पायी जाती है तो ऑटो /ई– रिक्शा का चालान किया जाये बार–बार गलती करने पर उन्हें सीज किया जाये। जिस थाना/ चौकी क्षेत्र में यह व्यवस्था लागू की जायेगी उसके प्रभारी का दायित्व होगा कि वह टीम का सहयोग करे, यदि सहयोग नहीं किया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। जीरो जोन ओके होटल से मंगल पडाव तक किया जाये। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी यातायात संजय गर्ब्याल, टीआई राकेश मेहरा, एण्टी न्यूसेंस टीम प्रभारी इन्सपेटर जीबी जोशी, उनि पंकज बेलवाल, उनि अशोक फर्त्याल, उनि प्रवीण सिंह के अलावा समस्त सीपीयू के अधिकारी मौजूद रहे।



# तेज गति से हो रहे हैं विकास कार्य : शिव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से स्वीकृत मोहनपुर न 1 से आनंद खेड़ा को जोड़ने वाली 4. 3 किलोमीटर लंबी हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा यह मार्ग मोहनपुर से आनंदखेड़ा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है जिसका लाभ इसके आस पास रहने वाली बहुत बड़ी आबादी को मिलेगा, विधायक बोले उनका प्रयास है कि विधानसभा में कोई मार्ग क्षतिग्रस्त न रहे, वही आने समय मे क्षेत्र में लम्बित पड़े निर्माण कार्यो को भी प्राथमिकता के आधार पर कराने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है, विधायक शिव अरोरा ने कहा इस मार्ग के निर्माण से यहाँ का आवागमन सुगम होगा और साथ ही दुर्घटनाओं पर भी अकुशल लगेगा । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में हमारी विधानसभा में लगातार कार्य प्रगतिमान है और आने वाले समय मे ओर कई बड़े कार्य धरातल पर नजर आएंगे ओर क्षेत्र के चुहमुखी विकास के लिये आपका विधायक सदैव संकल्पबद्ध है। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, ग्रामं प्रधान सोमा विश्वास, अशोक विश्वास, शुभम बठला, माणिक विश्वास, दलवीर सिंह, सुरजीत कीर्तनिया, हरजीत ,पवन कुमार, अभिषेक मण्डल , राजेश मण्डल, संकित सिंह, निमाई विश्वास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# स्वच्छता अभियान में एकत्र किया छह कुंटल कूड़ा

रामनगर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ नैनीताल में विशेष स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम के सातवें और अंतिम दिन मालधनचौड़ की सफाई करके स्वच्छता कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवियों और महाविद्यालय के कर्मचारीगण रामनगर के अधिकारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम प्रधानों द्वारा मालधनचौड़ के मुख्य चौराहे पर स्वच्छता हेतु प्रभारी प्राचार्य प्रो मनोज कुमार ने शपथ दिलाई। उसके बाद राष्ट्रगान किया गया, और चौराहे से मुख्य सड़क के किनारे सूखे कूड़े के ढेर को साफ किया गया। कार्यक्रम में रा. उ. नि. आशुतोष चन्द्र, ग्रा. वि. अधि. खुशाल सिंह मर्तोलिया, स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानो, इंटर कॉलेज के प्राचार्य एनएसएस अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहें, जिसमें विनोद नारायण ग्राम प्रधान चंद्रनगर से साठ किलो सूखा कूड़ा, रजनी तेवतिया ग्राम प्रधान मालधानचौड़ से सौ किलो सूखा कूड़ा, अनिल कुमार ग्राम प्रधान गांधीनगर से पचास किलो सूखा कूड़ा, संजय कुमार ग्राम प्रधान देवीपुरा से सौ किलो कूड़ा, राजन प्रसाद ग्राम प्रधान गौतमनगर से पचास किलो सूखा कूड़ा, रेखा देवी ग्राम प्रधान गोपालनगर सौ किलो कूड़ा, और आरती देवी ग्राम प्रधान आनंदनगर से पचास किलो से कूड़ा और मालधन से कुल छह सौ दस किलो कूड़ा एकत्र किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ. खेमकरण, डॉ. आनंद प्रकाश, प्रो प्रदीप चंद्र, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कपिल कुमार, लीलाधर पपने, मोव नफीस, शुभम ठाकुर, राकेश चंद्र, जसवंत सिंह और जगदीश चंद्र आदि उपस्थित रहे।





उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मणिपुर के हिंसक हालात

मणिपुर अब एक जटिल दौर में पहुंच गया है। वहां फैली हिंसा को रोकने में न तो केंद्र सरकार सफल हो पा रही है और न राज्य सरकार। दोनों ने वहां के नागरिकों को जैसे अपने हाल पर छोड़ दिया है। वहां गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। अब तो यही लगता है कि वहां के लोग ही इस समस्या से पार पाने का कोई रास्ता निकालेंगे। एक महीने से ऊपर हो गया, वहां हिंसा भड़के।इस बीच वहां के मैतेई और कुकी समुदाय के लोग दिल्ली आकर हिंसा रोकने की गुहार लगा गए। कई नामचीन हस्तियां मणिपुर के हालात पर गंभीर चिंता जता चुके और जता रहे हैं। मगर स्थिति काबू में नहीं आ पा रही है। रह-रह कर हिंसा भड़क उठती है। लोग मारे जाते हैं, उनके घर जला दिए जाते हैं। आंकड़ों के मुताबिक अब तक सौ से ऊपर लोग मारे जा चुके हैं।पचास हजार से अधिक लोगों को अपना ठौर-ठिकाना छोड़ कर दूसरी जगहों पर शरण लेनी पड़ी है। हालांकि कुछ दिनों पहले केंद्रीय गृहमंत्री वहां गए और हिंसा पर उतरे लोगों से शांति का रास्ता अख्तियार करने की अपील कर आए। मगर उसका कोई असर हुआ नहीं। तबसे कई हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं। अब तो वहां मंत्री और सांसद भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। कम से कम तीन मंत्रियों के घर जला दिए गए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उपद्रवी तत्त्वों के सामने किस कदर सुरक्षाबल निस्सहाय हैं। महीना भर पहले जब हिंसा भड़की थी, तब उसे बेकाबू होते देख उपद्रवियों को देखते ही गोली मार देने का आदेश दिया गया। तब करीब दस दिन तक हिंसक घटनाएं रुकी रहीं। मगर फिर भड़कीं, तो भयानक रूप ही लेती गईं। वहां के शस्त्रागार से चौबीस सौ अत्याधुनिक हथियार और भारी मात्रा में गोली-बारूद उपद्रवियों ने लूट लिए, जिसका उपयोग हिंसा के लिए किया जाने लगा। गृहमंत्री ने अपील की थी कि वे हथियार वापस कर दें, मगर अभी तक इसका भी ब्योरा नहीं मिला है कि कितने हथियार वापस आए। विपक्षी दल खुल कर आरोप लगा रहे हैं कि सरकार खुद कुछ चरमपंथी समूहों को प्रोत्साहन दे रही है। इसके कुछ प्रमाण भी पेश करने के प्रयास किए गए। मगर न तो इस पर सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई और न हिंसा को रोकने का कोई व्यावहारिक उपाय निकाला गया। असम के मुख्यमंत्री को कुकी और मैतेई समुदाय के बीच समझौता कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई, मगर उसे दोनों समुदायों ने अस्वीकार कर दिया। राज्यपाल की अगुआई में एक शांति समिति गठित की गई, मगर उसका भी कोई प्रभाव नजर नहीं आता। मणिपुर को लेकर बहुत सारे लोगों के मन में यह रहस्य बना हुआ है कि आखिर सरकारें हिंसा को रोकने में कामयाब क्यों नहीं हो रही हैं या कोई ऐसा रास्ता अख्तियार करती क्यों नजर नहीं आ रही हैं, जिससे वहां शांति बहाली हो। दरअसल, अब यह भी साफ हो चुका है कि इस हिंसा की जड़ में केवल मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने पर विचार करने का वहां के उच्च न्यायालय का आदेश नहीं, बल्कि राज्य सरकार की घोषित-अघोषित नीतियां और इरादे हैं। इस तरह स्वाभाविक ही सरकार के हिंसा रोकने के इरादे को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। आखिर अब तक बातचीत की कोई गंभीर पहल क्यों नहीं हुई, उपद्रवियों का भरोसा जीतने का प्रयास क्यों नहीं किया गया।

# स्वच्छता अभियान चलाकर किया पर्यावरणमित्रों को सम्मानित

चम्पावत। उच्च न्यायालय निर्देशानुसार प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में रविवार को प्रात: 6 बजे मा सिविल जज न्यायिक मजिस्ट्रेट टनकपुर नितिन शाह ने उपस्थित सभी विभागों के कर्मचारी / अधिकारी नोडल पर्यावरण मित्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं इसके बाद 10 उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर पालिका के






पर्यावरणमित्रों को प्रस्सतिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत सभी विभागों के अधिकारी गण व कर्मचारीगण, जन प्रतिनिधि, समाजसेवी के साथ न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाने के बाद उपजिलाधिकारी पूर्णागिरी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके बाद नगर क्षेत्र के संपूर्ण 11वार्डो में प्रत्येक वार्डसभासद, प्रत्येक वार्ड के नोडल अधिकारियों के साथ 11 दलों में नगर के सभी वादों में सफाई अभियान चलाया गया। वहीं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का जिला जज कहकशा खान द्वारा रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। माननीय जिला जज द्वारा दीप प्रज्वलित किया और लोगों से स्वच्छता की अपील की। जिला न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला जज द्वारा वहां उपस्थित स्कूली बच्चे, सशत्र सीमा बल के जवान, अधिकारी एवं कर्मचारी, पर्यावरण मित्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई । उन्होंने कहा सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा और स्वच्छता ही स्वच्छ जीवन की और ले जाता है। इस अवसर पर माननीय जिला जज द्वारा नगर पालिका चंपावत के 10 पर्यावरण मित्रों तथा लोहाघाट के 10 पर्यावरण मित्रों को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ दिलाने के बाद सूचना विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दल महामंगलेश्वर लोक सांस्कृतिक कला केद्र, मंगलपुर गोली चंपावत तथा जय भूमसेन थारू समिति बनबसा द्वारा स्वच्छता जागरूकता संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया'। सांस्कृतिक दलों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की वहां उपस्थित लोगों ने सराहना की और जिला जज द्वारा दोनों दलों के सदस्यों को पुरस्कृत किया। जिला न्यायालय परिसर में स्कूली बच्चों, विभागों आदि के द्वारा विभिन्न स्वच्छताप्रदर्शनी लगाई, जिसको सभी के द्वारा सराहा गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्लोगन बनाए गए, जिससे उनके द्वारा रैली में प्रतिभाग कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। इस दौरान जिला जज के नेतृत्व में जिला न्यायालय परिसर से रोडवेज बस अड्डे से मुख्य बाजार होते हुए गोरलचौड़ मैदान तक साफ सफाई अभियान के अंतर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक दलों द्वारा रोडवेज स्टेशन, मुख्य बाजार में एक से बढ़कर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय वर्मा, सचिव जिलाविधिकप्राधिकरण /सिविल जज शिवानी पसबोला, सिविल जज जहारा अंसारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण बोहरा, प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा,



एपीडी विमी जोशी, तहसीलदार ज्योति धपवाल, स्कूली बच्चों, अधिकारी, कर्मचारी, एसएसबी के जवान, पर्यावरण मित्र आदि उपस्थित रहे। स्वच्छता सफ्ताह के दौरान स्कूलों में आयोजित कला/स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में रहे स्कूली बच्चों को जिला जज द्वारा पुरुस्कृत किया। कला प्रतियोगिता में गुरुकुलम विद्यालय लोहाघाट की अंजलि पुनेठा कक्षा 10 को प्रथम, प्रियंका अधिकारी कक्षा 10 को द्वितीय, शुभांजलि गड़कोटी कक्षा 10 को तृतीय, यूनिवर्सल इंटर कॉलेज की प्रियंका थ्वाल कक्षा 12 को प्रथम, ज्योति चंद कक्षा 09 को द्वितीय, सुमित चौबे कक्षा 11 तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वही स्लोगन प्रतियोगिता में मल्लिकार्जुन स्कूल चंपावत की चांदनी सामंत कक्षा 8 को प्रथम, भाव्यांश भट्ट कक्षा 08 को द्वितीय, दीपांशु बिष्ट कक्षा 7 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# अल्मोड़ा और बागेश्वर में चला वृहद स्वच्छता अभियान

अल्मोड़ा/बागेश्वर(उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय नैनीताल तथा उत्तराखंड शासन के निर्देशों के क्रम में आज अभियान के अंतिम दिन सिमकनी मैदान से यह वृहद स्वच्छता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत जिला जज कौशल किशोर शुक्ला ने सभी न्यायिक अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं अन्य स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर







की। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने इस अभियान के लिए 4 टीमें 4 अधिकारियों के नेतृत्व में गठित की हुई थी, जिनके द्वारा अल्मोड़ा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई की गई। इन टीमों में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भरत त्रिपाठी को सिमकनी मैदान से इन्द्रा कॉलोनी तथा स्टेडियम तक सम्पर्क मार्गो का नोडल अधिकारी नामित किया गया था। इस आंवटित क्षेत्र में जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, स्वयं सहायता समूह एवं सम्बन्धित विभाग के जनपद मुख्यालय में कार्यरत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया। तहसीलदार कुलदीप पाण्डे को सिमकनी मैदान से विश्वविद्यालय परिसर-एम0ई0एस0 कार्यालय, से कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा तक सम्पर्क मार्गों में स्वच्छता अभियान हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया था। आंवटित क्षेत्र में राजस्व विभाग के समस्त अधिकारीकरण, मुख्य कृषि अधिकारी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी एवं सम्बन्धित विभाग के जनपद मुख्यालय में कार्यरत अन्य कार्मिकों ने श्रमदान किया। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गोविन्द सिंह मेहरा को सिमकनी मैदान से जलाल बैण्ड तक सम्पर्क मार्गों का नोडल अधिकारी नामित किया था । इस आंवटित क्षेत्र में मुख्य कोषाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता ग्रमीण निर्माण विभाग, मुख्य उद्यान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी एवं सम्बन्धित विभाग के जनपद मुख्यालय में कार्यरत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया। जिला पंचायतीराज अधिकारी को सिमकनी मैदान से बेस अस्पताल- पटवारी चौकी खत्याड़ी तक सम्पर्क मार्गों के नोडल अधिकारी नामित किया गया था। इस आर्वटित क्षेत्र में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्राचार्य मेडिकल कालेज, जिला आबकारी अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय/निर्माण खण्ड, जिला प्रोवेशन अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए एवं सम्बन्धित विभाग के जनपद मुख्यालय में कार्यरत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया। इसके साथ साथ जनपद की विभिन्न तहसीलों, ब्लॉक आदि में भी यह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूली बच्चे, पुलिस प्रशासन, विभिन्न संगठन, तथा स्वैच्छिक संगठन के लोगों ने भी श्रम दान कियाइस दौरान जिलाधिकारी विनीत तोमर ने भी स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेकर श्रमदान किया । साथ ही उन्होंने स्वच्छता कार्यक्रम में लगे हुए कार्मिकों को जलपान भी कराया।इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु, एसडीएम सदर गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट्स समेत अन्य उपस्थित रहे।

**बागेश्वर।** उच्च न्यायालय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आह्वान पर जनपद में श्रमदान कर सफाई महाअभियान चलाया गया। जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव कुमार खुल्बे, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल सहित अन्य लोगों ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर महाअभियान का शुभारंभ किया गया। सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए विभिन्न जोनो को अलग-अलग क्षेत्रों के लिए नुमाईशखेत से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वच्छता सप्ताह के तहत विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चित्रकला, स्लोगन व पेटिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों के साथ ही स्वच्छता मुहिम में अहम भूमिका निभाने वाले 10 पर्यारण मित्र सहित अन्य नागरिकों को भी सम्मानित किया गया।उच्च न्यायालय/शासन के निर्देश पर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही नगर पालिका/नगर पंचायत, स्वंय सेवियों, एनसीसी, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में श्रमदान कर सफाई महाअभियान चलाया गया, स्वच्छता अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, व छात्र-छात्राओं, स्वयं सेवी संस्थाओं, व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन व विभिन्न संस्थाओं से जुडे लोगों ने श्रमदान कर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी को साफ किया और शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। बता दे कि बागेश्वर शहर को स्वच्छता महाअभियान के लिए 5 जोन में बांटा गया था, जिसमें बागनाथ मंदिर क्षेत्र-नुमाईशखेत मैदान से विकास भवन तक प्रथम जोन, पुराना आरटीओ कार्यालय-भागीरथी नाला से जिला चिकित्सालय तक दूसरा जोन, डिग्री कॉलेज से सूरजकुंड तक तीसरा जोन, कठायतबाडा क्षेत्र चौथा तो अग्निकुंड हनुमान मंदिर से बिलौना तक पांचवा जोन बनाया गया था, इन जोन में नोडल अधिकारियों की भी तैनाती की गयी थी। कौसानी क्षेत्र में सफाई महाअभियान के लिए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत व जिला पर्यटन अधिकारी नोडल थे, तो वहीं नगर पंचायत गरूड व कपकोट के लिए संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी को नोडल बनाया गया था।सफाई महाअभियान में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुंजन सिंह, अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयेन्द्र सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या बोरा, सिविल जज पुनीत कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन,अध्यक्ष बार एसोसिएशन विनोद भट्ट, व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, पूर्व अध्यक्ष हरीश सोनी, तहसीलदार दीपिका आर्या, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ नागरिक दलीप खेतवाल, भुबन तिवारी, इन्द्र सिंह परिहार, जिला पूर्ति अधकारी मनोज कुमार बर्मन, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल, दीप जोशी समेत विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, स्वंय सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्रायें व आम जनता मौजूद थी।

# लाभार्थी मेले में केन्द्र सरकार की उपलब्धियां बतायी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महाजनसंपर्क अभियान के तहत रम्पुरा में आयोजित लाभार्थी मेले कार्यक्रम में रूद्रपुर के मेयर एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल सिंह एवं वक्ता के रूप में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पंजाबी युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ का लाभार्थी उत्थान भाजपा सरकार में ही सम्भव है। भाजपा का संकल्प डॉ. अंबेडकर का भारत बनाने का है। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर हुआ 2015-2023 के बीच 11-5 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं। पीएम आवास योजना से सीधे तौर पर डिजिटल युग की ओर कदम बढ़ाया। वक्ता के रूप में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि पहली बार केन्द्र शासित राज्य जम्मू और कश्मीर में अनुसूिचत जाति के (7) और अनुसूिचत जनजित के (9) लोगों को समान प्रतिनिधत्व का अवसर प्रदान करने के लिये 16 विधानसभा सीटें आरिक्षत की गुणवत्ता की कोचिंग प्रदान करना है ताकि वे प्रितयोगी परीक्षाओं में शिामल हो सकें।इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह पार्षद सुशील यादव, ज्ञान सिंह चौहान,डॉ महेश कोली, गिरीश पाल, चरण राजपूत,जोगेन्द्र कोली, त्रिलोक कोली, शिव कुमार शिब्बु, सूरज विशाल शुभम




मेले के कार्यक्रम संयोजक राज कोली ने फूल मालाओं से स्वागत किया । रम्पुरा में आयोजित लाभार्थी मेले में वहां उपस्थित जनता को केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने नौ वर्ष के कार्यकाल में हर वर्ग पर विश्वास कायम किया है। दलित समाज भाजपा सरकार में खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। अनुसूचित जाति समाज का सम्मान व सबसे ज्यादा लाभार्थी अनुसूिचत जाति परिवार हैं। केन्द्र सरकार ने ऐतिहासिकि निर्णय लेते हुए 26 नवंबर संविधान निर्माण की तिथि' के दिन को संविधान दिवस घोषित किया और पहली बार संविधानि दिवस पर संसद में दो दिवसीय चर्चा आयोजित की गई। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीम ऐप का शुभारंभ किया और भारत ने गई। सरकार ने पहली अम्बेडकर सर्किट पर्यटक ट्रेन की शुरू की है इस ट्रेन के रूट में डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थानों को कवर करती है। केन्द्र सरकार ने अनुसूचत जाति के लिये मेट्रिकोत्तर छात्रवृित्त स्कीम को पूर्ण रूप से सुदृढ़ किया है। अनुसूचित जाति छात्रें के लिये मुफ्त कोचिंग योजना का उद्देश्य अर्थिक रूप से वंचित अनुसूिचत जाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिये अच्छी कोली सौरभ कोली, रवि बाल्मीकि, प्रेम दिवाकर, जितेंद्र कोली, रामलाल, मनोज कुमार, विद्याचरण, अरुण रस्तोगी, विनोद रस्तोगी,सौरभ रस्तोगी, सोनू कोली, सुरेन्द्र कोली, जसवंत सिंह, हरप्रसाद, चोखे लाल, बिरजू कोली भगवान देवी, पूनम कोली, शारदा देवी, राजो कोली, गीता देवी, सुनीता कोली, लक्ष्मी रस्तोगी, पूजा देवी, गंगा देवी लाभार्थी मेला कार्यक्रम के संयोजक राज कोली आदि मौजूद रहे।

# ओवरलोड खनन सामग्री ले जाते चार वाहन सीज

किच्छा(उद संवाददाता)। उप जिलाधिकारी किच्छा कौस्तुभ मिश्रा ने खनन माफियाओं के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाते हुए अवैध रूप से एवं ओवरलोड खनन सामग्री ले जाते हुए चार भारी वाहनों को सीज कर दिया। जिससे खनन में लगे लोगों में अफरा तफरी मच गई। सरकार द्वारा भी अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश जारी है। यही नहीं खनिज संपदा ढोने वाले वाहनों में ओवरलोडिंग एक समस्या बनी हुई है। नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सरकार द्वारा खनन के पट्टे जारी किए गए हैं इन पट्टों की आड़ में खनन माफिया अन्य स्थानों से भी बेतहाशा खनिज संपदा का खनन कर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे हैं। जिसकी सूचना उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को मिली तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारकर 4 भारी वाहनों को सीज कर तहसील प्रांगण में खड़ा करा दिया तथा आरटीओ



को भी सूचना प्रेषित प्रेषित कर दी है। गौरतलब है कि खनन सामग्री ओवरलोड कर ले जाने वाले वाहन जहां एक और राजस्व को चूना लगा रहे हैं वही यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बने हुए हैं। हल्द्वानी रोड से लेकर बरेली रोड तक तथा सितारगंज हाईवे पर इन वाहनों के पीछे चलने वाले अन्य सवारी वाहनों में खनिज पदार्थ के हवा में उड़ने के कारण खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यदा-कदा इन ओवर लोड वाहनों में से निकलने वाली धूल के कारण दुपहिया वाहनों की सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई है। हल्द्वानी रोड पर स्थित काली मंदिर से लेकर आदित्य चौक तक धूल भरे गुबार इन खनिज कार्य में लिप्त वाहनों से स्पष्ट देखे जा सकते हैं। यही नहीं अवैध खनन एवं ओवरलोड में लिप्त यह भारी वाहन पिछले दिनों भी युवक की जान ले चुके हैं किंतु इतने के बावजूद भी खनन कार्य में लिप्त लोगों को धन की चाह ने मानवता से कोसों दूर धकेल दिया है। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने कहा है कि जो भी वाहन बाड़ी से ऊपर सामान लेकर जाएगा उस पर ओवरलोड के तहत कार्यवाही की जाएगी तथा उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थान से तथा मानकता से हटकर यदि खनन कार्य किया हुआ पाया गया तो संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से जानकारी मिल रही थी कि विभिन्न क्षेत्रों में ओवरलोड खनन कर मिट्टी और रेत वाहनों द्वारा ढोया जा रहा है जिस वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## पेज एक का शेष...

**बस पलटने से ...**रेफर कर दिया गया, जबकि मामूली रूप से घायल 18 तीर्थ यात्रियों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इधर दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। आनन-फानन में पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम भी मौके पर पहुंच गई। घायल तीर्थयात्रियों को 108 के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। सभी यात्री जिला रोपड़ रूपनगर पंजाब के रहने वाले हैं। गुरुद्वारा रीठसाहिब के दर्शन करने के बाद वे वापस पंजाब लौट रहे थे। बस पलटने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। गंभीर रूप से घायल 15 वर्षीय लवप्रीत कौर , 65 वर्षीय मनजीत कौर, 70 वर्षीय गुरुदेव सिंह, 65 वर्षीय कमलेश कौर, 5 माह की सरनप्रीत कौर, 53 वर्षीय कुलवंत कौर, 11 वर्ष्र्ाीय अगमजोत सिंह को हल्द्वानी रैफर किया गया। जबकि अन्य घायलों में 67 वर्षीय ,निक्षत्तर सिंह 69 वर्षीय सुरेंद्र सिंह,70 वर्षीय कुलदीप कौर, 70 वर्षीय हरवंश कौर , 40 वर्षीय हरमेस कौर , 11 वर्षीय नवदीप ,12 वर्षीय नवजोत कौर ,60 वर्षीय दर्शन सिंह ,13 वर्षीय दिलप्रीत सिंह ,65 वर्षीय बन्ना सिंह ,65 वर्षीय विमला देवी ,64 वर्षीय शकुंतला देवी, 46 वर्षीय रसपाल कौर ,72 वर्षीय हरबीर सिंह ,65 वर्षीय कमलेश कौर ,35 वर्षीय मनजीत सिंह ,28 वर्षीय बलराम सिंह आदि शामिल है। सभी का चंपावत जिला अस्पताल में उपचार किया गया। बस पलटने की जानकारी मिलते ही एसपी देवेंद्र पींचा, एसडीएम चंपावत रिंकू बिष्ट, तहसीलदार ज्योति धपवाल मौके पर रवाना हुए और उन्होंने तीर्थयात्रियों का हाल चाल जाना। एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, सीएमओ डा. केके अग्रवाल जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

**कहां गया केदारनाथ...**ने झूठी खबर फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात भी कही है ।मंदिर समिति के कार्याधिकारी ने कहा कि गर्भ गृह में एक दानदाता के सौजन्य से कुल 23,777.800 ग्राम सोना लगाया गया है। इसका वर्तमान मूल्य बाजार भाव के अनुसार लगभग 14.38 करोड़ रुपया है तथा मंदिर को स्वर्णमंडित किए जाने हेतु प्रयुक्त कॉपर प्लेटों का कुल वजन-1,001 300 किलो है, जिसका कुल मूल्य उनतीस लाख रुपया मात्र है । गौरतलब है कि इस मामले में विवाद तब भी हुआ था, जब सोना मढ़ा जा रहा था। मंदिर के पुजारियों और हक-हकूकधारियों के एक वर्ग ने गर्भगृह में सोना मढ़ने का विरोध किया था और इसे प्राचीन मंदिर के साथ छेड़छाड़ बताया था। विरोध करने वाले लोगों का कहना था कि सोना मढ़कर केदारनाथ मंदिर के मूल स्वरूप को बदला जा रहा है। लेकिन तमाम विवाद और विरोध के बावजूद 7 महीने पहले गर्भगृह को स्वर्णमंडित कर दिया गया था।

**जन अपेक्षाओं पर खरी...**सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है। अपने सम्बोधन में विध ायक शिव अरोरा ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश में कई लाभकारी योजनायें प्रारम्भ की गई हैं जिसमें उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान निधि, रोजगार योजना आदि शामिल हैं तो वहीं प्रदेश में अस्पतालों में नि:शुल्क जांचें, अटल आयुष्मान योजना,धर्मांतरण कानून, नकल विरोधी कानून, गौरा देवी कन्या धन योजना आदि के साथ बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार योजना भी संचालित की जा रही है। जिसका लाखों लाभार्थी लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम को भाजपा नेता अमित नारंग, कार्यक्रम संयोजक सुरेश कोली आदि वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर हरीश भट्ट, धर्मसिहं कोली, धीरेश गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, राजीव चौध री, शाहखान राजशाही, संदीप बाजवा, जुल्फिकार अली, गुरबाज सिंह, अकील अहमद, ललित बिष्ट, संजय, विद्यासागर, छोटेलाल शर्मा, जयप्रकाश कोली, मलकीत कौर, परमजीत कौर, सिमरजीत कौर, सुरजीत कौर, मनविन्दर कौर, महेन्द्री शर्मा ,रामप्यारी, सोमवती, ऊषा वर्मा, लक्ष्मी रानी, मंजू, रावऔतार, आकाश गंगवार, सुचित्रा मौर्य, संध्या गंगवार, सुरजीत, जगदीप सिंह, कुलदीप चन्द, प्रहलाद, सुभाष गुप्ता, राकेश कुमार, अशोक रस्तोगी, करतार सिंह, गौतम रस्तोगी, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

**रामनगर में फिर...**चटवाल के नेतृत्व में चलाए गए अभियान से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। प्रशासन की कार्रवाई की भनक लगते ही कई अतिक्रमण कारी स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाते हुए दिखाई दिए । जिन लोगों ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया था उसे हटाने की कार्रवाई प्रशासन द्वारा की गई। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा रानीखेत रोड पर अतिक्रमण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान कुछ खोखे स्वामियों द्वारा हाउस टैक्स की रसीद दिखाई गई जिसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम द्वारा अधिशासी अधिकारी को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अभियान के बाद जैसे ही प्रशासनिक टीम वापस लौटी तो अतिक्रमणकारियों ने फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर दिया ऐसे में प्रशासन का यह अभियान जनहित में कितना कारगर साबित होगा यह भविष्य के गर्भ में है अभियान में सीओ बलजीत सिंह भाकुनी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका महेंद्र कुमार यादव, नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा, कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

**वन कर्मियों पर ...**कर दी। घटना के संबंध में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि लकड़ी तस्करों द्वारा इस क्षेत्र में शनिवार को भी इसी प्रकार की घटना की गई और जब वन निगम कर्मचारी लौट में कटी लकड़ी को लेने वाहनों से जा रहे थे तो तस्करों द्वारा रास्ते में कीलें लगा दी गई थी जिससे कई वाहनों में पंचर हो गया तथा रविवार की रात फिर से लकड़ी तस्करों ने वन निगम वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला बोल दिया जिसमें विभाग का एक कर्मचारी चोटिल हुआ है जिस की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। उन्होंने बताया पूर्व में भी विभाग द्वारा पुलिस को दो अलग-अलग तहरीर सौंपी गई थी डीएफओ ने बताया कि वन विभाग द्वारा तो इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई है लेकिन निगम द्वारा अभी तक आरोपियों के खिलाफ ना तो कोई तहरीर दी गई है और ना ही कोई कार्रवाई की गई है ।उन्होंने कहा कि इस मामले में निगम के उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराने के साथ ही मामले की जांच कराई जाएगी कथा जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**महिला की संदिग्ध...**डिबडिबा बिलासपुर ने तहरीर सौंपी है। तहरीर में ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होती है तो आरोपियों पर कार्रवाई होगी। मृतका के दो पुत्र हैं और एक पुत्री है। पुत्री की शादी हो चुकी है।

# आमजन में स्वच्छता को लेकर निरंतर बढ़ रही जागरूकता : सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए गांधी पार्क से पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क तक स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और 10 पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आमजन में स्वच्छता को लेकर



जागरूकता निरंतर बढ़ रही है। राज्य के प्रत्येक जिले एवं पर्यटन स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की जिम्मेदारी यहां के प्रत्येक नागरिक की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून को ष्स्वच्छ दून, सुंदर दूनष बनाने के लिए जनभागीदारी से विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपनी रोजमर्रा की आदत में लाने का आग्रह किया। इस दौरान कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री विनोद चमोली, विधायक सविता कपूर, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# नैनीताल के दीकर सिंह मेवाड़ी ने लिया है टी.बी के 6 मरीजों को गोद

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा कैंट, देहरादून के अंतर्गत पटेलनगर में स्थानीय जनता के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 102वें संस्करण को सुना। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने जन भागीदारी, सेवा भाव से होने वाले समाजिक कार्यों का उल्लेख किया है। उन्होंने भारत को 2025 तक टी.बी. मुक्त भारत बनाने के संकल्प को दोहराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में प्रध



ानमंत्री जी ने नैनीताल निवासी और निक्षय मित्र दीकर सिंह मेवाड़ी का उल्लेख किया, जिन्होंने टी.बी मुक्त भारत के संकल्पों को पूर्ण करने के मकसद से टी.बी के 6 मरीजों को गोद लिया है। मुख्यमंत्री ने श्री दीकर सिंह से फोन पर वार्ता कर, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रति उनका आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, विधायक सविता कपूर, सिद्धार्थ अग्रवाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# रोडवेज व राशन कार्ड की समस्या को लेकर दिव्यांगों ने सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दिव्यांग सेवा संस्था ने दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओ को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। संस्था के अध्यक्ष मो. जीशान ने कहा उनकी जानकारी में आया है कि रोडवेज बस चालक दिव्यांग व्यक्तियों को बसों में चढने से मना करते हैं यदि चढ़ा भी ले हैं तो उसकी व्हीलचेयर को बस में रखने से मना करते है। जबकि एक दिव्यांग व्यक्ति बिना व्हीलचेयर के चलने में असमर्थ होता है। बस चालक उनके साथ दुर्व्यवहार करते है। उन्होंने बताया कि अनेक दिव्यागजन ऐसे हैं, जिनके अंत्योदय राशन कार्ड नही बने है जिससे उनको राशन मिलने में काफी दिक्कत आ रही है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह



किया है कि दिव्यांगों के अंत्योदय राशन कार्ड बनाये जाये जिससे उन्हें राशन मिल सके। ज्ञापन देने वालो में दिनेश कोली, जारीफ, प्रेम कोली, जहीर अंसारी, अल्ताफ आलम, अतुल, लक्ष्मी अमिताांश, महेश कोली निजामुद्दीन आदि आदि दिव्यांग मौजूद थे।

# जनसेवा केंद्र पर दबंगों का तांडव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के एक जनसेवा केंद्र में दबंगों ने जमकर तांडव मचाया। दबंगों ने कुर्सियां भी तोड़ी। इससे वहां पर अफरातफरी मच गई।



इस दौरान कई लोग चोटिल भी हो गये। जनसेवा केंद्र के स्वामी ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के जनसेवा केंद्र संचालित है। बताया जा रहा है कि रविवार की रात को कुछ दबंग किस्म के लोग पहुंचे। वहां पर दबंगों ने जनसेवा केंद्र में जमकर तांडव मचाया और कुर्सियां तोड़ी। बताया जाता है कि वहां पर अफरातफरी मच गई। इसमें कई लोगों के चोटिल होने की खबर है। इस मामले में जनसेवा केंद्र के संचालक की ओर से तहरीर दी है। इधर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वह इस मामले में कैंप पुलिस से जानकारी ली जायेगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000